दिन– सोमवार दिनांक– 02 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

02. प्रदेश में आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में पटना, सारण, कैमुर, बक्सर सहित विभिन्न जिलों से सौ से अधिक फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया।

03. चक्रवातीय प्रभाव के कारण प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव। मौसम विभाग ने आज गया, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04 और, चीन के हांगझाऊ में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत ने आज दो और कांस्य पदक जीते। पदक तालिका में पचपन पदक के साथ भारत चौथे स्थान पर।

अब समाचार विस्तार से.........

---

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी एक सौ चौवनवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। नई दिल्ली में, बापू की समाधि–राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के आदर्शों ने दुनिया को एक नया मार्ग दिखाया। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बापू के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने और राष्ट्र की प्रगति के लिए आत्मनिर्भरता, समावेशिता और सार्वभौमिक भाईचारे के उनके दृष्टिकोण को अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा गांधी जी के विचारों ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। लोगों से जुड़ जाना और उन्हें जोड़ लेना बापू की विशेषता थी। राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। अपने संदेश में श्री मोदी ने कहा कि गांधी जी का जीवन और आदर्श देश की हर पीढ़ी को कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। इधर, प्रदेश में भी गांधी जयंती के मौके पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य समारोह पटना में आयोजित किया जा रहा है।

---

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनकी जयंती पर श्रद्धाजलि दे रहा है। शास्त्री जी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के विरूद्ध उन्नीस सौ पैंसठ का युद्ध जीता था। शास्त्री जी ने सैनिकों और किसानों में जोश भरने के लिए जय जवान, जय किसान का ओजस्वी नारा दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लाल बहादुर शास्त्री जी को हमारे इतिहास के एक बेहद ही महत्वपूर्ण समय में उनके दृ्ढ़ नेतृत्व के लिए हमेशा याद किया जायेगा। इधर, प्रदेश में भी इस मौके पर श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया जा रहा है।

---

स्वच्छता को केन्द्र में रखकर और पूर्ण स्वच्छता के दृष्टिकोण के साथ आज से सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए एक विशेष अभियान का तीसरा चरण शुरू होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर शुरू हो रहा यह विशेष अभियान इस महीने की 31 तारीख तक जारी रहेगा। यह अभियान पिछले दो वर्षों में चलाए गए विशेष अभियानों की अगली कड़ी है। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के अनुसार, पिछले दो स्वच्छता अभियानों के दौरान लगभग 90 लाख वर्ग फुट प्रधान कार्यालय स्थान को साफ किया गया है और उत्पादक उपयोग में लाया गया है। इसके अलावा, सरकार को रद्दी के निपटान से 370 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व भी प्राप्त हुआ और चार लाख 56 हजार लोक शिकायतों का निवारण किया गया।

———————————————————————————

गांधी जयंती के अवसर पर पटना स्थित खादी मॉल में खादी से बने वस्त्रों पर पचास प्रतिशत की छूट दी जायेगी। ये छूट बाईस अक्टूबर तक रहेगी। बिहार राज्य खादी ग्राम उद्योग बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि बिहार खादी उत्सव दो हजार तेईस का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत ऑनलाइन क्विज और ऑफलाइन पेंटीग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने के आरोप में पटना, सारण, कैमुर, बक्सर, आरा, बांका, समस्तीपुर, जमुई, लखीसराय, मुंगेर, बेगुसराय सहित कई जिलों में सौ से अधिक फर्जी अभ्यर्थियों और दलाल को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी के पास से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, प्रिंटर, अभ्यर्थियों के नाम की लिस्ट और अन्य सामान बरामद किये गये है। इनमें सबसे अधिक आरा से अड़तालीस लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र अंतर्गत रामकृष्ण द्वारिका कॉलेज से छह परीक्षार्थियों को आंसर–की से नकल करते हुये पकड़ा गया है। वहीं, रामकृष्ण नगर के भूपतिपुर के एक परीक्षा केन्द्र से चार स्कॉलर को गिरफ्तार किया गया है। कैमूर के भूपेश गुप्ता कॉलेज स्थित केन्द्र से चार फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया जो दूसरे के नाम से परीक्षा दे रहे थे। पुलिस ने बताया कि जमुई से सात लोगों को परीक्षा में गड़बड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। वहीं, बांका में कदाचार के आरोप में एक अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया गया है। इधर, पटना और बेगूसराय में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिये जाने से आक्रोशित अभ्यर्थियों ने हंगामा और तोड़फोड़ किया। केन्द्रीय चयन परिषद सिपाही भर्ती के अध्यक्ष एस के सिंघल ने बताया कि कदाचार के छब्बीस मामलों में सैंतालीस अभ्यर्थियों और उनके सहयोगियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गौरतलब है कि प्रदेश में इक्कीस हजार से अधिक सिपाही के पदों पर बहाली के लिए विभिन्न केन्द्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। केन्द्रीय चयन परिषद की ओर से सात और पंद्रह अक्टूबर को भी लिखित परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।

———————————————————————————

ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाज़ी, कैसिनो, जुआ खेलने, घुड़दौड़ और लॉटरी पर 28 प्रतिशत वस्तु और सेवाकर यानी जीएसटी लागू हो गया है। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार इस संबंध में फैसला इस वर्ष अगस्त में जीएसटी परिषद की 51वीं बैठक में लिये गये निर्णय को लागू कर दिया गया है।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज से अगले दो दिन तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान पटना समेत अधिकांश जिलों में तेज बारिश और वज्रपात की सम्भावना है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान गया, रोहतास और औरंगाबाद जिले में भारी बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। कैमूर, जमुई, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, लखीसराय और शेखपुरा जिले में भी एक–दो स्थानों पर भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि चक्रवातीय प्रभाव के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है।

———बाइट——— कुमार गौरव——— 39 से.

————————————————————————

प्रदेश की पूर्व समाज कल्याण मंत्री परवीन अमानुल्लाह का लंबी बीमारी के बाद नोएडा में निधन हो गया। वे पचहत्तर वर्ष की थी। उन्हें आज दिल्ली में सुपुर्द–ए–खाक किया जायेगा। परवीन अमानुल्लाह किशनगंज के पूर्व सांसद सैयद शाहाबुद्दीन की पूत्री और पूर्व आईएएस अधिकारी अफजल अमानुल्लाह की पत्नी थी। वर्ष दो हजार दस में उन्होंने साहेबपुर कमाल विधानसभा क्षेत्र से जदयु के टिकट पर चुनाव जीता था। चार वर्षों तक मंत्री रहने के बाद वर्ष दो हजार चौदह में पद से इस्तिफा दे दिया था। उनके निधन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद सहित कई नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

————————————————————————

राज्य के पुलिस कर्मियों को आयुध प्रशिक्षण के लिए पटना के मनेर में फाइरिंग रेंज बनाया गया है। गृह विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुये कहा है कि फाइरिंग रेंज में पुलिस कर्मियों को बंदूक, तोप और बम गोला चलाने की ट्रेनिंग दी जायेगी। विभाग के अनुसार यह क्षेत्र बीस वर्षों की अवधी के लिए फाइरिंग रेंज घोषित किया गया है।

————————————————————————

राज्य शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम कल घोषित किया जायेगा। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने कहा कि समय पर परिणाम घोषित होने से अभ्यर्थियों को लाभ होगा। ये परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक आयोजित की गयी थी।

———————————————————————

औद्योगिक इकाइयां पर्यावरण मानकों का पालन करने के मामले में बिहार देश भर में पहले स्थान पर है। एमएसएमई की ओर से जेड सर्टिफिकशन के अनुसार जीरो इफेक्ट और जीरो डिफेक्ट कराने में बिहार की औद्योगिक इकाइयां आगे है। इससे पहले जुलाई के परिणाम में भी बिहार शीर्ष पर था। इधर, राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत सफल उद्यमियों को बीस लाख रूपये तक ऋण देने की घोषणा की है। विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंडरिक ने बताया कि इस योजना के तहत सफल उद्यमियों को व्यवसाय बढ़ाने का मौका दिया जा रहा है।

———————————————————————

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान तीन सौ चौदह नये डेंगू मरीजों की पहचान हुई है। राज्य स्वास्थ्य समिति के अनुसार प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर छह हजार सात सौ से अधिक हो गई है। विभाग के अनुसार सबसे अधिक पटना से एक सौ छत्तीस नए मामले मिले हैं। वहीं, भागलपुर और मुंगेर में उनतीस–उनतीस, सारण में सोलह, वैशाली में बारह और बांका में नौ लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इस बीच स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है।

———————————————————————

भागलपुर के नौगछिया में एक सड़क दर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————

मधुबनी जिला के पचास हजार के इनामी अपराधी सिंगुल पासवान को एसटीएफ ने दिल्ली के श्रीनिवासपुरी इलाके के करपुरी ग्राम से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ मधुबनी और दरभंगा जिला के विभिन्न थानों में हत्या, लूट डकैती सहित कई अपराधिक मामले दर्ज है।

———————————————————————

इधर, एसटीएफ की टीम ने सीवान जिले के शीर्ष दस अपराधियों की सूची में शामिल संजीत महतो उर्फ संजीत नोनिया को चार सहयोगियों के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से देशी पिस्तौल, कारतुस और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद किया है।

———————————————————————

चीन के हांगझाऊ में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत ने आज दो और कांस्य पदक जीते है। पदक तालिका में भारत तेरह स्वर्ण, इक्कीस रजत और इक्कीस कांस्य पदक के साथ पचपन पदक लेकर चौथे स्थान पर बना हुआ है। एक रिपोर्ट

——— बाईट——

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने घरेलू बिजली उपभोक्ता मामले की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये लिखा है– बिहार बिजली के घरेलू उपयोग में देश का तीसरा राज्य।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– अब नए कनेक्शन के साथ मिलेगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर। अखबार लिखता है– प्रदेश में सबसे अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे, पर पूरा नहीं हुआ लक्ष्य।

**दैनिक भास्कर** का शीर्षक है– देश में भारी वाहन चालकों के लिए **आई ट्रैकर टेस्ट** अनिवार्य करने की तैयारी।

**प्रभात खबर** लिखता है– प्रदेश में आज से बहत्तर घंटे भारी बारिश के आसार।

एशियाई खेलों की खबर को **आज अखबार** ने अपनी पहली लीड बनाते हुये लिखा है– भारत ने लगाया पदकों का पचासा।

———————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

02. प्रदेश में आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप में पटना, सारण, कैमुर, बक्सर सहित विभिन्न जिलों से सौ से अधिक फर्जी अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया।

03. चक्रवातीय प्रभाव के कारण प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव। मौसम विभाग ने आज गया, रोहतास और औरंगाबाद जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

04 और, चीन के हांगझाऊ में खेले जा रहे 19वें एशियाई खेलों में भारत ने आज दो और कांस्य पदक जीते। पदक तालिका में पचपन पदक के साथ भारत चौथे स्थान पर।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।